भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3106

09 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बिहार में आयुष अस्पताल

3106. श्री अजय कुमार मंडलः

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का भागलपुर सहित बिहार के जिलों में पचास बिस्तरों वाला आयुष अस्पताल स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिलेवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) केन्द्र सरकार द्वारा बिहार सहित विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा इस संबंध में किए गए प्रयासों में सहायता करने हेतु आयुष अस्पतालों का संवर्धन करने के लिए किए गए उपचारात्मक उपायों का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, भागलपुर सहित बिहार के जिलों में पचास बिस्तरों वाले आयुष अस्पताल की स्थापना करना संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, आयुष मंत्रालय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है और 50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना करने सहित विभिन्न गतिविधियों के तहत उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों का समर्थन कर रहा है। बिहार सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम दिशानिर्देश के प्रावधान के अनुसार, एसएएपी के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

बिहार राज्य सरकार से एसएएपी के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने पटना, दरभंगा, खगड़िया और गोपालगंज जिलों में 50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पताल की 4 इकाइयों को स्वीकृति दी है। इसके अलावा, एनएएम के तहत, एसएएपी के माध्यम से भागलपुर जिले में एकीकृत आयुष अस्पताल की स्थापना के लिए बिहार सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग): एनएएम के अंतर्गत अनुमोदित गतिविधियों की कार्यान्वयन प्रक्रिया की विभिन्न स्तरों पर नियमित आधार पर निगरानी की जाती है तथा राज्यों के परामर्श से सर्वोत्तम कार्यवाही का सुझाव दिया जाता है/अपनाया जाता है।

*****